Department of Tourism for Coordination of these activities.

Besides, disinvestment of shares of the India Tourism Development Corporation has taken place to a limited extent.

एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस को विमान दुर्घटनाओं के कारण हुआ घाटा

*47. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस को वर्ष 1991-92 से 1994-95 के दौरान हुई विमान दुर्घटनाओं के कारण मुआवजे के रूप में कितनी राशि का भुगतान करना पड़ा तथा इन कंपनयों को विमान नष्ट हो जाने के कारण कितना घाटा हुआ;

(ख) दोनों विमान कंपनियों को विमानों के बीमे की कितनी राशि प्राप्त हुई और कितनी राशि अभी प्राप्त की जानी है; और

(ग) विमान दुर्घटनाओं में हुई मृत्यु, आशक्तता और वित्तीय हानि तथा यात्रियों को हुई असुविधा से संबंधित उन मामलों का ब्यौरा क्या है, जो 31 जनवरी, 1996 तक न्यायाधिकरणों और उपभोक्ता संरक्षण परिषदों में लंबित पड़ है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) और (ख). 1991-92 से 1994-95 तक की अवधि में एयर इंडिया के विमानों की कोई दुर्घटनाएं नहीं हुई।

विमान दुर्घटनाओं के कारण इंडियन ने सन् 1991 से 1995 के दौरान 5.3 करोड़ रुपह की राशि का मुआवजे के रूप में भुगतान किया है।

विमान नष्ट होने के फलस्वरूप इंडियन एयरलाइंस को कोई हानि नहीं हुई क्योंकि इसके बेड़े के सभी विमानों का पूरी तरह से बीमा किया हुआ है तथा बीमा कंपनियों द्वारा इंडियन एयरलाइंस को पूरी क्षतिपूर्ति कर दी जाती है। 1991-92 से 1994-95 की अवधि में बीमा कंपनियों से इंडियन एयरलाइंस को 80 मिलियन अमरीकी डालर (तत्कालीन विनिमय दरों पर 219.50 करोड़ रुपह के बराबर) प्राप्त हुए।

(ग) 31 जनवरी, 1996 की स्थिति के अनुसार, विमान दुर्घटनाओं के कारण हुई मृत्यु, अपंगता तथा वित्तीय क्षति तथा यात्रियों को हुई असुविधा के संबंध में दावों के 55 मामले विभिन्न अदालतों/अधिकरणों तथा उपभोक्ता संरक्षण परिषद में लंबित है।

Wonder Cure for Cataract

*48. SHRI TARA CHARAN MAJUMDAR: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government are aware that certain doctors of Bangalore have discovered a wonder cure for Cataract;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government propose to provide that treatment in all the Government hospitals of the country; and

(d) if so, the details thereof; and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE & MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI A. R. ANTULAY): (a) and (b) It has been reported that some doctors from Bangalore have presented the results of their work in a Conference using a machine in which laser has been used to fragment lens nucleus and remove cataract in place of ultra-sound phacoemulsification which has a very marginal advantage over the conventional cataract surgery.

(c) and (d) Since the method has not been scientifically evaluated and accepted universally, it is too early to think of adopting the technique in government hospitals.

यौन संबंधों के कारण होने वाले रोगों की रोकथाम

*49. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान यौन संबंधों के कारण होने वाले संक्रामक रोगों के संबंध में "यूनीसेफ" द्वारा किए गए अध्ययन की ओर दिलाया गया है;